मंगलवार

16 अगस्त 2022




पृष्ठ 4

**संगीत भी आपकी सेहत बनाने का काम करता है**



पृष्ठ 5

**सीधा ओटीटी पर आ सकती है विक्की की फिल्म गोविंदा नाम मेरा**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 189
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त



email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


**आज का विचार**

मातृभाषा, मातृ संस्कृति और मातृभूमि ये तीनों सुखकारिणी देवियाँ स्थिर होकर हमारे हृदयासन पर विराजें।

– ऋग्वेद

# आईटीबीपी के जवानों को लेकर जा रही बस नदी में गिरी, 6 जवान शहीद



जम्मू (सं)। जम्मू-कश्मीर में आईटीबीपी के जवानों को लेकर जा रही बस नदी में जा गिरी। हादसे में 6 जवान शहीद हुए हैं। बस चंदनवाड़ी से पहलगाम जा रही थी। बस में कुल 39 जवान सवार थे, जिनमें आईटीबीपी के 37 जवान और 2 जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान थे। कुछ जवानों को बचाया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राहत तथा बचाव कार्य जारी है। सभी जवान अमरनाथ यात्रा ड्यूट से लौट रहे थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी के 37 जवानों और दो पुलिसकर्मियों को ले जा रही बस चंदनवाड़ी और पहलगाम के बीच गहरी खाई में गिर गई। छह घायल सुरक्षा कर्मियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए श्रीनगर ले जाया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी के 37 और जम्मू-कश्मीर पुलिस के तीन कर्मी अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी से लौट रहे थे, जो 11 अगस्त को समाप्त हो चुकी है।

जम्मू और कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, चंदनवाड़ी के पास हुए बस दुर्घटना से गहरा दुख हुआ, जिसमें हमने अपने बहादुर आईटीबीपी के जवानों को खो दिया। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घायल जवानों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में आईटीबीपी के एक प्रवक्ता ने कहा, 39 कर्मियों को ले जा रही एक बस कथित रूप से ब्रेक खराब हो जाने के कारण सड़क के किनारे नदी में गिर गई। जवान चंदनवाडी से पहलगाम की ओर जा रहे थे। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य तिथि पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## तिरंगा झंडा बांटने पर मिली 'सिर तन से जुदा' की धमकी !


बिजनौर (ह सं)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक परिवार को मोहल्ले में तिरंगा झंडा बांटने पर 'सिर तन से जुदा' की धमकी मिली है। पीड़ित के घर के सामने तीन पोस्टर चिपकाए गए हैं। धमकी देने वाले ने खुद को आईएसआई का समर्थक बताया है। परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पोस्टर चिपकाने वाले की तलाश शुरू कर दी है। बिजनौर के कीरतपुर में शशिबाला अपने परिवार के साथ रहती हैं। उनके परिवार में पति अरुण कुमार कश्यप और तीन बच्चे हैं। शशिबाला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, जबकि उनके पति फास्ट फूड का काम करते हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि सरकार की ओर से चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत उन्होंने अपने मोहल्ले में तिरंगा झंडे बांटे थे। वहीं 15 अगस्त (सोमवार) की सुबह उनके घर के बाहर तीन पोस्टर चिपके हुए मिले। इन पोस्टर में लिखा है, 'तुम बहुत घर-घर तिरंगे बांट रहे हो, तुम्हारा भी सिर तन से जुदा कर दिया जाएगा।' पोस्टर पर आईएसआई का समर्थक लिखा था।

## आतंकवादियों ने दो कश्मीरी पंडित भाईयों को मारी गोली, एक की मौत

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के शोपियां में आतंकियों ने दो कश्मीरी पंडित भाइयों से पहले उनका नाम पूछा। इसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। फायरिंग में सुनील कुमार भट्ट की मौत हो गई। जबकि उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सुनील भट्ट और उनके भाई अपने सेब के बागान में जा रहे थे। इसी दौरान आतंकियों ने उनसे नाम पूछा और फिर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। इस मामले में एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि जिम्मेदार आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकयों को चुन-चुनकर ढेर किया जाएगा। वहीं पीपुल्स कांफ्रेंस ने सज्जाद लोन ने कश्मीरी पंडितों पर हुई टारगेट किलिंग को लेकर कहा है कि शोपियां में आतंकियों ने एक और कायराना हमला किया है। हम हिंसा के इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। परिवार के लिए मेरी संवेदनाएं। इस घटना को लेकर बीजेपी नेता निर्मल सिंह ने कहा कि कश्मीर में एक बार फिर से आतंकियों ने कायराना हरकत की है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा पूरी तरह फेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का हवाला देकर धारा 370 को हटाया गया था, लेकिन घाटी में कश्मीरी पंडित असुरक्षित हैं।

## पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 8,813 केस दर्ज, 29 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 8,813 मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,42,77,194 पर पहुंच गयी है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 1,11,252 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 29 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,27,098 हो गयी है। इनमें केरल द्वारा पुनर्मिलान किया गया मौत का एक मामला भी शामिल है। आंकड़ों के मुताबिक, उपचाराधीन मरीजों की संख्या में एक दिन में 6,256 मामलों की कमी दर्ज की गयी है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.56 प्रतिशत है।



स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 4.15 प्रतिशत दर्ज की गयी जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.79 प्रतिशत दर्ज की गयी। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 208.31 करोड़ खुराक दी गयी हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में जिन 28 और मरीजों ने जान गंवाई है, उनमें से आठ की दिल्ली में, छह की पंजाब, दो-दो मरीजों की मौत गुजरात, जम्मू कश्मीर और उत्तर प्रदेश में तथा एक-एक मरीज की मौत असम, छत्तीसगढ़, गोवा, महाराष्ट्र, नगालैंड, ओडिशा, सिक्किम और त्रिपुरा में हुई।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# राज्य में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं

चार धाम यात्रा चलने के साथ ही जिस तरह उत्तराखंड की ओर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का हुजूम उमड़ा, वह राज्य के पर्यटन के भविष्य के लिए शुभ संकेत माने जा रहे है। राज्य में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के पीछे पर्यटन विकास की वह संभावनाएं भी झांकती दिखी हैं जिसके आधार पर इस पर्वतीय राज्य को एक पर्यटन प्रदेश होने या बनाने की बात कही जाती है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि उत्तराखंड में प्राकृतिक सौंदर्य, योग तथा अध्यात्म का वह खजाना छुपा है जो कभी खत्म नहीं हो सकता। इसे समय की विडंबना ही कहा जा सकता है कि राज्य बनने के बाद और राज्य बनने से पहले इसे ठीक से समझने का प्रयास किसी के द्वारा भी नहीं किया गया। राज्य में कनेक्टिविटी का अभाव इसका एक अहम कारण रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा इस क्षेत्र में कुछ ऐसे कामों की शुरुआत की गई है जिससे भविष्य की संभावनाएं साफ नजर आ रही है। चाहे ऑल वेदर रोड हो या फिर ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल मार्ग जिसका काम अभी शुरू ही हुआ है अथवा उस दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड की जिससे दून और दिल्ली की दूरी ढाई-तीन घंटे में होने की बात कही जा रही है ऐसे ही कुछ कामों का नतीजा है जिसके परिणाम अभी से दिखने लगे हैं। राज्य में सड़कों की बेहतर होती स्थिति और दूरसंचार नेटवर्क की बढ़ती पकड़ से अब पर्यटन के क्षेत्र का लक्ष्य नजदीक दिख रहा है। यह भी सच है कि अभी बहुत थोड़ा काम हुआ है और बहुत सारा काम होना बाकी है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि आने वाला दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा इसकी समय सीमा को तय करता है। आगामी 10 साल अगर विकास की यह यात्रा इसी गति से चलती रही तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्व के पर्यटन नक्शे पर उत्तराखंड अपनी एक अलग पहचान नहीं बना सकता। लेकिन इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस बात को यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने भी अपने उत्तराखंड दौरे के दौरान कही थी। उत्तराखंड का पर्यटन सिर्फ चार धाम यात्रा तक ही सीमित नहीं है राज्य में पर्यटन के अनेक ऐसे आयाम मौजूद है जिनके चलते पर्यटन को भारी बल मिलेगा। उत्तराखंड में हर 10-20 किलोमीटर पर एक पर्यटन स्थल मौजूद है जिसका विकास अगर हो सके तो लोग यहां घूमने आते रहेगें। लेकिन इस पर्यटन की संभावनाएं तभी हो सकती है जब यात्रियों के लिए अच्छी सुविधाएं दी जाए अच्छी बात यह है कि यह बात अब राज्य के शासन-प्रशासन से लेकर आम जनता तक को समझ आ चुकी है।

## 15 अगस्त के बाद तिरंगे को ड्राईंग रूम सम्मान से रखें: परमार




देहरादून (सं)। अभिषेक परमार ने कहा कि 15 अगस्त के बाद तिरंगे को अपने ड्राईंग रूम में चार फीट की ऊचाई पर सम्मान से रखें। आज एक बयान जारी करते हुए परमार ने जनता से अपील की है कि 15 अगस्त के बाद तिरंगे को उतारकर अपने ड्राईंग रूम में दीवार पर कम से कम साढे चार फीट की ऊंचाई पर लगा लें या अगले राष्ट्रीय पर्व पर लगाने के लिए सुरक्षित रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जो लोग झण्डा रख सम्भालने में सक्षम नहीं है वो उनके कार्यालय सोसायटी एरिया क्लेमनटाउन निकट ग्राफिक ऐरा कालेज में बनाये गये फ्लैग ड्राप बॉक्स में रख सकते है या एकत्रित करने के लिए उन से सम्पर्क कर सकते है जिसे वह लोगो के घर से स्वंय जाकर जमा कर रहे हैं।

# जागडा आयोजन पर व्यवस्थाएं रहें चुस्त दुरुस्तः डीएम

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने हनोल देवता मन्दिर त्यूणी में जागडा आयोजन की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में मन्दिर समिति के सदस्यों व सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।



आज यहां जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में हनोल देवता मंदिर त्यूणी में जागड़ा आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी त्यूणी को 20 अगस्त तक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए समुचित व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने हेतु मंदिर समिति के पदाधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किए।

उन्होंने उप जिलाधिकारी चकराता/त्यूणी एवं जिला पर्यटन अधिकारी को जागड़ा के दौरान विभिन्न व्यवस्थाएं बनाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चकराता को जागड़ा आयोजन हेतु संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में पार्किंग व्यवस्था के साथ ही मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्रों में वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि,

### ❑सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक कर दिये निर्देश

पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़कों के किनारे मलवा हटाने व झाड़ी साफ करने के निर्देश दिए तथा जहां पर मरम्मत कार्य किए जाने है वहां पर तत्काल कार्य करें। उन्होंने परिवहन विभाग को जागड़ा दिवस 30 एवं 31 अगस्त को विभिन्न रूटों पर परिवहन व्यवस्था बनाने तथा निर्धारित किराया से अधिक न वसूला जाए इस पर ध्यान देने, पुलिस विभाग को ओवरलोडिंग न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जल संस्थान को पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने, विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्थाएं बनाने, स्वास्थ्य विभाग को दवाईयां, एम्बुलेंस के साथ ही नजदीकि चिकित्सालय में व्यवस्थाएं बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही वैकल्पिक हैलीपेड हेतु स्थान चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त मात्रा में शौचालय आदि व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिलाधिकारी चकराता सौरभ असवाल, प्रभारी वनाधिकारी चकराता कल्याणी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार उप्रेती, पुलिस उपाधीक्षक संदीप नेगी, भारतीय पुरातत्व विभाग से मनोज कुमार सक्सेना, सहायक निदेशक

## तीन क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल, संदीप नेगी सीओ विकासनगर

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी ने तीन क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेंरबदल कर उनको तत्काल अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये।

आज यहां एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने तीन सीओ के कार्यक्षेत्र मे फेंरबदल करते हुए संदीप नेगी को सीओ विकासनगर बनाया। उनको कोतवाली विकासनगर, सहसपुर, कालसी , चकराता व त्यूनी का कार्यभार देखना होगा। वहीं सुश्री पल्लवी त्यागी को सीओ मसूरी व यातायात का कार्यभार सौंपा है। सीओ नीरज सेमवाल को कैण्ट व स्पेशल ऑपरेशन्स का कार्यभार सौपा है।

मा नो वधी रुद्र मा परा दा मा ते भूम प्रसितौ हीळितस्य।
आ नो भज बर्हिषि जीवशंसे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।

(ऋग्वेद ७-४६-४)

जहां शासक के दंड से दुष्ट जन भयभीत रहते हों। जहां निर्दोष मनुष्यों को पीड़ित नहीं किया जाता और ना ही उन्हें बंदी बनाया जाता हो। ऐसा राष्ट्र सदैव प्रगति करता है।

Where the wicked are afraid of the punishment of the ruler, where innocent human beings are not victimised or taken captive. Such a nation always progresses.

(Rig Veda 7-46-4)

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजलि सभा का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनको याद किया।

आज यहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी, उत्तराखंड द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भवानी शंकर मंदिर पार्क, न्यू पटेल नगर, देहरादून में किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड 43 की पार्षद श्रीमती रजनी देवी का स्वागत संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला मोर्चा श्रीमती रमा गोयल ने पटका पहनाकर एवम् बुके देकर किया। सभी वक्तायो ने अटल जी के व्यक्तित्व पर अपने अपने विचार रखे और पुष्प अर्पित किए। राज डिमरी ने अटल जी के जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला साथ ही नीम, बेलपत्र, कनेर, गुड़हल, बड़ के वृक्ष लगाए। वृक्षारोपण से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री प्रवीण शर्मा, महानगर मंत्री राखी गुप्ता, सुंदेश्वर ठाकुर , प्यारे लाल द्विवेदी, मुकेश डबराल, राजेश सिंह, राज डिमरी, सुरेश प्रसाद जी, अमित पंवार जी, विनोद गुप्ता, सुषमा, रेणु डिमरी, प्रियंका डबराल, रामकुमार देवी, दीप्ति, ममता सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।

## तीन तलाक मामले में पति गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर अपनी पत्नी से दुष्कर्म करने व साथ ही दहेज के चलते तीन तलाक देने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार बीती 8 जुलाई को एक महिला द्वारा थाना कुण्डा में तहरीर देकर बताया गया था कि उसके पति जुनैद द्वारा उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने व गर्भपात करवाने, गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने तथा अपने परिवार के अन्य लोगो के साथ दहेज की मांग करते हुए उसे तीन तलाक दे दिया गया है।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति जुनैद की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे पुलिस ने आज सुबह एक सूचना के तहत बैलजुड़ी तिराहा से गिरफ्तार कर लिया, जोकि पीड़िता के पास समझौते के लिये दबाब बनाने के लिये जा रहा था।

# मुख्यमंत्री से कॉमनवेल्थ गेम में बेडमिंटन प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन के पिता ने की भेंट



देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देर सायं मुख्यमंत्री आवास में कॉमनवेल्थ गेम्स में बेडमिंटन प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन के पिता डी.के. सेन ने भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने लक्ष्य सेन को फोन पर स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य ने अपनी खेल प्रतिभा से उत्तराखण्ड का ही नहीं देश का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने पिछली बार लक्ष्य से मुलाकात के दौरान उनसे लक्ष्य भेद कर आने को कहा था। मुख्यमंत्री ने लक्ष्य से कहा कि उन्हें दृढ़ संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। आसमान छूना है, झुकना नही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी कहते है हमारे खिलाड़ियों को अपना रिकार्ड खुद ही तोड़ना है।

**❑मुख्यमंत्री ने लक्ष्य सेन को स्वर्ण पदक जीतने पर फोन पर दी बधाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य सेन की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता की तपस्या का भी प्रतिफल है। इस अवसर पर श्रीमती अलकनंदा अशोक भी उपस्थित थी।

# गणेश जोशी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि देकर याद किया। प्रदेश के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने न्यू कैंट रोड़ अपने कैंप कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उत्तराखंड से गहरा नाता रहा था। दशकों की लंबी मांग के बाद अगर उत्तराखंड देश के मानचित्र पर अलग राज्य के रूप में वजूद में आ पाया तो इसमें सबसे निर्णायक भूमिका अटल जी की रही थी। मंत्री जोशी ने कहा कि आज वन रैंक वन पेंशन भी अटल जी की देन है,भारतीय जनता पार्टी वाजपेयी जी के पद चिन्हों पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार हमारा देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मंत्री जोशी ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष श्रद्धेय अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा है।श्रद्धेय अटल जी द्वारा देशहित में किए गए कार्यों के लिए राष्ट्र सदैव उनका आभारी रहेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल ,पूर्व राज्य मंत्री कैलाश पंत, राजेंद्र ढिल्लो, सुमन बहुगुणा ,जितेंद्र थापा, ज्योति कोटिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।





स्वतंत्रता दिवस पर छोटे बच्चे भी आजादी के जश्न में रंगे नजर आए।

# दून डिफेंस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

नगर संवाददाता

देहरादून। दून डिफेंस इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी धूमधाम से 75वां आजादी दिवस अमृत महोत्सव मनाया गया। इस शुभावसर पर विद्यालय के प्रबंधक जे पी नौटियाल, मोनिका नौटियाल एवं प्रधानाचार्या अनीता शर्मा ने राष्ट्र ध्वज फहराया।

राष्ट्रीय गान के पश्चात छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं ने वन्देमातरम् गीत - नृत्य द्वारा किया गया। स्कूल के नन्हें मुन्नों ने क्रमशः हम छोटे छोटे बच्चे हैं, नन्हा मुन्ना राही हूं, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी की प्रस्तुति से मन मोह लिया। परीक्षित नौटियाल व पार्थ राठौर के ओजपूर्ण भाषण ने भी सुन्दर सन्देश दिया। राधिका ने अपने नृत्य द्वारा सन्देश दिया कि जागो कि अब तीन रंगों से सजा है आसमां तेरी नमामि हो। छात्रों द्वारा जोशिले भांगड़ा अस्सी फौजी पुत कहांने हां, मानो सभी के पैरों में बिजली भर दी हो। एक मूक नाटिका अनेकता में एकता की मार्मिक प्रस्तुति ने सब की आंखें नम कर दी। एक के बाद एक सुंदर नृत्य प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती रही। मृगना ने अपने शास्त्रीय नृत्य में एक दृढ़ संकल्प का सन्देश दिया कि जब भी सोयें या जागें सिर न झुकें किसी के आगे।

डी डी सी पी के कैडेट्स द्वारा परेड एवं पिरामिड का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कैडेट्स ने भी सन्देश पूर्ण स्वरचित कविता पाठ किया।

आदर्श प्रियदर्शी व तेजस ने अपनी कविता जलियांवाला बाग में, और मानस ने स्वरचित कविता - बहुत रोया आसमां गा कर बलिदानियों के मर्म को परिभाषित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र, अध्यापक एवं अभिभावक मौजूद रहे।




# 75वें स्वतंत्रता दिवस पर किया वृक्षों का वितरण

नगर संवाददाता

देहरादून। क्लीन एंड ग्रीन इन्वाइरोन्मेंट सोसाइटी द्वारा देश के 75वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रेमनगर बाजार में वृक्षों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 300 से अधिक वृक्षों का वितरण किया गया। वितरित किये गए वृक्षों में बहेड़ा, निम्बू, कनेर, तेजपात, अमलतास, कीनू, आंवला, बॉटल ब्रश, अमरूद इत्यादि वृक्ष लोगो को निशुल्क वितरित किए गए।

क्लीन एंड ग्रीन इन्वाइरोन्मेंट सोसाइटी एवं दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मण्डल प्रेमनगर ने मिलकर सर्वप्रथम प्रेमनगर मुख्य बाजार में हवन किया, तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद वृक्षो का वितरण किया गया। इसके अलावा कड़ी चावल का प्रसाद भी वितरित किया गया। समस्त कार्यक्रमो के उपरांत उक्त स्थान पर सफाई अभियान भी चलाया गया। वितरित किये गए समस्त पेड़ो को सुनियोजित तरीके से टेबल पर सजाकर रखा गया और लोगो को वितरित करते समय उनके नाम, फोन नम्बर और उन्हें दिए गए वृक्षों की संख्या को रजिस्टर में लिखा गया ताकि भविष्य में समिति उन लोगो से बात करके वितरित किये गए वृक्षों के बारे में जानकारी ले सके। वितरण के दौरान नागरिको को दिए गए पेड़ो की सुरक्षा करने और उन्हें भरपूर खाद पानी देने हेतु निवेदन किया गया। वृक्षों के वितरण अभियान को पेड़ो का लंगर नाम दिया गया।



वृक्षो के वितरण अभियान में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, कोषाध्यक्ष शम्भू शुक्ला, सचिव जेपी किमोठी, उपाध्यक्ष रंदीप अहलूवालिया, नितिन कुमार, अमित चौधरी, दीपक वासुदेवा, गगन चावला, मंजुला रावत, ज्योति चौधरी, अर्चना शुक्ला, लोहित पांडेय, सोनिया, सुमित खन्ना, सुबोध गौड़, सहित कई लोग शामिल रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर किया बाइक व कार रैली का आयोजन

नगर संवाददाता

देहरादून। बजरंग दल माधव नगर प्रखंड द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर एक विशाल बाइक व कार रैली का आयोजन किया गया। यह रैली आईटी पार्क चौक से होते हुए कैनाल रोड, राजपुर रोड, से सहस्त्रधारा रोड होते हुए सहस्त्रधारा तक की गई जहां रैली का समापन हुआ।

स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव पर जहां पूरे देश में खुशियों का माहौल रहा और जगह-जगह लोगों द्वारा रैलियां निकाली गयी वहीं देहरादून के बजरंग दल माधव नगर प्रखंड द्वारा भी इस खुशी के माहौल को और बड़ा बनाते हुए एक बाइक एंव कार रैली का आयोजन किया गया।



इस रैली में लगभग 600 युवाओं द्वारा भागीदारी की गयी। रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगो को जागरूक व एकजुट और संगठित करना था। रैली में आकाश मलिक (सनातनी), अनिल नेगी, तुषार कश्यप, वैभव ठाकुर, आकाश धीमान, अभिनय धीमान, प्रियांशु, अमन चौहान, चेतन मराठा, आकाश किरशाली, नितिन , हिमांशु किरशाली,शुभम सहित अन्य कई लोग शामिल रहे।

# पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने आजादी के अमृत महोत्सव पर किया पौधा रोपण

संवाददाता

देहरादून। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने ध्वजारोहण के पश्चात 75 प्रजातियों के पौधे रोपण करने के साथ ही रक्त शिविर का आयोजन किया।

आजादी का अमृत महोत्सव जहाँ पूरे देश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया वहीं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी इसे बेहद खास तरीके से मनाया।



उन्होंने अपने डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास पर निर्धारित समय पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पुलिस के जवानों के साथ ध्वजारोहण किया। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र के दो मुख्य अभियान वृक्षारोपण और रक्तदान इस अमष्टत महोत्सव को खास बनाते हैं। डिफेंस कॉलोनी, परिसर में दर्जनों भूतपूर्व सैनिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं सहित आम जन ने 75 प्रजाति के लगभग 250 से अधिक पौधों का रोपण किया। इसमें अनेक फल, फूल और औषधि वृक्ष लगाये गये। इसके बाद डिफेन्स लोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में शहीदों के स्मरण में स्वैच्छिक रक्तदान के उनके विशेष आह्वान पर हर आयु वर्ग के लोगों द्वारा आज शिविर में बढ़-चढ़कर राष्ट्रहित में रक्तदान किया गया। शिविर में 100 से अधिक रक्त यूनिट एकत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर 75 प्रजाति के लगभग 250 से अधिक पौधों का रोपण और 100 से अधिक रक्त यूनिट का एकत्रित होना स्वतंत्रता संग्राम व देश रक्षा में सरहद पर जान गंवाने वाले शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

# ध्वज निस्तारण के लिए पुलिस ने बनाये शहर भर में प्वाइंट्स

हमारे संवाददाता

देहरादून। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया गया। इस दौरान आम जन द्वारा अपने घरों, कार्यालयों, गाड़ियों पर तिरंगा लगाये गये। लेकिन स्वतंत्रता दिवस के उपरांत लोग झंडे को किस तरह डिस्पोज करेंगे, उसके लिए देहरादून ट्रैफिक पुलिस ने एक कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के तहत ट्रैफिक पुलिस ने शहर भर में प्वाइंट्स बनाए हैं, जहां लोग अपने झंडों को दे सकते हैं जिसके बाद पुलिस नियमानुसार झंडे को डिस्पोज करेगी।

आजादी का अमृत महोत्सव पर हर घर झंडा अभियान के बाद झंडे को डिस्पोज करने के लिए अब देहरादून ट्रैफिक पुलिस द्वारा देहरादून में फ्लैग कलेक्शन सेंटर तैयार किए हैं। साथ ही आम जनता से अपील की गई कि फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के मुताबिक, फटे हुए अथवा धूमिल राष्ट्रीय ध्वज को डिस्पोज करने में यदि वे असमर्थ हैं तो वे ध्वज को यातायात पुलिस देहरादून के 76 ट्रैफिक ड्यूटी प्वाइंट, 36 ट्रैफिक बूथ, 20 ट्रैफिक अम्ब्रेला और एसपी ट्रैफिक कार्यालय पर यातायात पुलिस कर्मी की सुपुर्दगी में दे सकते हैं। इसके बाद यातायात पुलिस द्वारा सभी राष्ट्रीय ध्वज को एकत्र कर नियमानुसार डिस्पोज किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गयी है कि जिन लोगों ने तिरंगा लगाया है, वह सभी 16 अगस्त को ट्रैफिक पुलिस के बने प्वाइंट पर जमा कर दें। जिससे ट्रैफिक पुलिस नियम के अनुसार इन झंडों को डिस्पोज कर सके।

# लाखों की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने लाखों रूपये की स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने नशे पर अंकुश लगाने के लिए टीम का गठन किया। आज गठित टीम द्वारा आई एस बी टी के निकट फ्लाई ओवर के नीचे शक होने पर एक व्यक्ति को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 29.15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सुन्नी कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी राजीवनगर कॉलोनी आर्यनगर ज्वालापुर थाना ज्वालापुर हरिद्वार। पुलिस के अनुसा पकडी गयी स्मैक की कीमत लगभग एक लाख नब्बे हजार रूपये है। वहीं नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने यूनिवर्सिटी रोड पर एक व्यक्ति के कब्जे से 6.6 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम फिरोज पुत्र मेहरबान निवासी सहारनपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय मे पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# संगीत भी आपकी सेहत बनाने का काम करता हैं



आपने कई लोगों को देखा होगा जो बिना संगीत के नहीं रह पाते हैं और पूरे दिन उनके आसपास संगीत चलता रहता हैं। आपने देखा होगा कि ऐसे लोग दिमाग से शांत रहते हैं और उनमें दिनभर एनर्जी बनी रहती हैं। इसके पीछे का कारण हैं संगीत। कहा जाता हैं कि जिस तरह स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार की जरूरत होती हैं, उसी तरह संगीत भी आपकी सेहत बनाने का काम करता हैं। रिसर्च के अनुसार संगीत बुरे ख्यालों को दूर करते हुए मन को एकाग्रचित करने में मदद करता हैं। संगीत से सेहत को इतने फायदे मिलते हैं कि आप भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे और अपनी दिनचर्या में संगीत को शामिल कर लेंगे। आइये जानते हैं संगीत से मिलने फायदों के बारे में...

तनाव और चिंता को करें दूर

जानकारों की मानें तो संगीत सुनने से रोगों से लड़ने की क्षमता में इजाफा होता है। नियमित संगीत सुनने दिमागी सुकून तो मिलता ही है, साथ ही ब्रेन फंक्शन भी बेहतर होता है। इससे हमारी सर्जनात्मक क्षमता भी बढ़ती है।

सुधरता है उच्च-रक्तचाप का स्तर

रोजाना सुबह-शाम कुछ देर तक संगीत सुनने से उच्च-रक्तचाप का स्तर सुधरता है तो वहीं धीमी गति का संगीत सुनने से स्ट्रोक की समस्या भी दूर होती है। एक अध्ययन के मुताबिक, संगीत में तीन तंत्रिका तंत्र होते हैं, जिससे दिमागी सुकून मिलता है। स्ट्रोक की स्थिति में बिस्तर पर धीमा संगीत सुनने से आराम मिलता है।

व्यायाम करते वक्त संगीत सुनना फायदेमंद

एक सर्वे के मुताबिक् ये पाया गया है कि संगीत उत्साह को बनाए रखता है, धैर्य बढाता है और मूड में सुधार करता है। संगीत सुनने से हमारा ध्यान व्यायाम के दौरान होनेवाली असुविधा की ओर नहीं जाता। रिसर्च में ट्रेड मिल पर चलते हुए 30 लोगों पर संगीत के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। मोटिवेशनल व नॉन-मोटिवेशनल संगीत सुनने के दौरान का प्रदर्शन, संगीत नहीं सुनने के दौरान किए गए व्यायाम से बेहतर था।

बढ़ती है स्मरण शक्ति

कुछ लोगों को पढ़ाई करते हुए संगीत सुनने की आदत होती है। उनके अनुसार, इससे वे बेहतर पढ़ाई कर पाते हैं। अब शोध भी उनकी बात साबित करते हैं। नियमित संगीत सुनना बुढापे की प्रक्रिया को कम करता है। डिमेंशिया के शिकार लोगों पर भी इसका अच्छा असर होता है। संगीत में रुचि लेना शरीर में डोपामाइन हार्मोन का स्राव करता है, जो जोश व प्रेरणा देता है। संगीत के प्रति बच्चों का झुकाव उनकी बातचीत को प्रभावी बनाता है। सोचने-समझने की क्षमता पर अच्छा असर पड़ता है, जिससे वर्बल आईक्यू तेज़ होने लगता है।

नींद अच्छी आती है

अगर आप अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे हैं तो सोते समय सुखदायक संगीत सुनना शुरू कर दीजिए। एक सुखद नींद के लिए सोने से पहले 30-45 मिनट का संगीत सुनने की आदत अवश्य डालें। रॉक या रेट्रो म्यूज़िक से रात को दूर रहे, नहीं तो परिणाम विपरीत भी आ सकते हैं। सोने से कुछ समय पहले शास्त्रीय संगीत को सुनें, क्योंकि शास्त्रीय संगीत सहानुभूति तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को कम करके चिंता को घटाता है। मांसपेशियों को आराम देता है और उन विचारों की व्याकुलता को दूर करता है जो आपके सोने में बाधक है।

कैलोरी के कम सेवन में मददगार

भोजन के दौरान अगर सॉफ्ट म्यूज़िक सुना जाये तो खाना खाने वाले का पेट जल्दी भरता है। संगीत ऐसे लोगों को जागरूक बनाता है कि आपका पेट भर चुका है। एक शोध से यह सामने आया है कि संगीत कैलोरी के सेवन को कम करके संयमी बनाने में मदद करता है। चिंता में व्यक्ति कार्बोहाइड्रेट और वसा युक्त भोजन को खाने की ज्यादा इच्छा रखता है। जैसा की आप जानते हैं संगीत से चिंता भी दूर होती है और इससे आपको स्वस्थ खाने में मदद मिल सकती है।

दर्द की अनुभूती होती है कम

संगीत का नर्वस सिस्टम पर अच्छा असर होता है। यह वह हिस्सा है, जो रक्तचाप, हृदय गति और दिमाग की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। जिससे हम आराम से और बेहतर सांस ले पाते हैं। एक रिसर्च में यह पाया गया है कि जिन लोगों को बैक सर्जरी के बाद म्यूज़िक थैरेपी दी गई उन्हें सर्जरी के बाद बैकपेन में बहुत राहत मिली। इससे मस्तिष्क के उस हिस्से पर भी असर होता है, जो भाव को नियंत्रित करता है। मांसपेशियों के दर्द से पीड़ित लोगों का नियमित संगीत सुनना डिप्रेशन के लक्षण व दर्द को कम करता है। धीमी लय वाले संगीत से बढ़ी हुई हृदय गति काबू होती है। कंधे, पेट व पीठ का तनाव कम होता है।

## शब्द सामर्थ्य -30

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 29 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# देशभक्ति का जज्बा जगाते फिल्मी गीत

लेखिका-वीणा जैन

भारतीय सिनेमा जगत में देश भक्ति से परिपूर्ण फिल्मों और गीतों की एक अहम भूमिका रही है और इसके माध्यम से फिल्मकार लोगों में देशभक्ति के जज्बे को आज भी बुलंद करते हैं। हिन्दी फिल्मों में देशभक्ति फिल्म के निर्माण और उनसे जुड़े गीतों की शुरुआत 1940 के दशक से मानी जाती है। निर्देशक ज्ञान मुखर्जी की 1940 में प्रदर्शित फिल्म बंधन संभवत: पहली फिल्म थी। जिसमें देश प्रेम की भावना को रूपहले परदे पर दिखाया गया था। यूं तो फिल्म बंधन मे कवि प्रदीप के लिखे सभी गीत लोकप्रिय हुए लेकिन चल चल रे नौजवान के बोल वाले गीत ने आजादी के दीवानों में एक नया जोश भरने का काम किया।

वर्ष 1943 में देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत फिल्म किस्मत प्रदर्शित हुई। फिल्म किस्मत में प्रदीप के लिखे गीत आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है, दूर हटो ए दुनियां वालों हिंदुस्तान हमारा है जैसे गीतों ने स्वतंत्रता सेनानियों को आजादी की राह पर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यूं तो भारतीय सिनेमा जगत में वीरो को श्रद्धांजलि देने के लिए अब तक न जाने कितने गीतों की रचना हुई है लेकिन ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंखो में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी जैसे देश प्रेम की अछ्रुत भावना से ओत प्रोत रामचंद्र द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप के इस गीत की बात ही कुछ और है। एक कार्यप्रम के दौरान देश भक्ति की भावना से परिपूर्ण इस गीत को सुनकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की आंखों में आंसू छलक आए थे।

वर्ष 1952 में प्रदर्शित फिल्म आनंद मठ का गीताबाली पर लता मंगेशकर की आवाज में फिल्माया गीत वंदे मातरम आज भी दर्शकों और श्रोताओं को अभिभूत कर देता है। इसी तरह जागृति में हेमंत कुमार के संगीत निर्देशन में मोहम्मद रफी की आवाज में रचा बसा यह गीत हम लाये है तूफान से कश्ती निकाल के श्रोरोताओं में देशभक्ति की भावना को जागृत किए रहता है।

आवाज की दुनिया के बेताज बादशाह मोहम्मद रफी ने कई फिल्मों में देशभक्ति से परिपूर्ण गीत गाये हैं। इन गीतों में कुछ है ये देश है वीर जवानों का, वतन पे जो फिदा होगा अमर वो नौजवान होगा, अपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं, उस मुल्क की सरहद को कोई छू नहीं सकता जिस मुल्क की सरहद की निगाहबान है आंखे, आज गा लो मुस्कुरा लो महफिले सजा लो, हिंदुस्तान की कसम ना झुकेंगे सर वतन के नौजवान की कसम, मेरे देशप्रेमियो आपस में प्रेम करो देशप्रेमियों आदि कवि प्रदीप की तरह ही प्रेम धवन भी ऐसे गीतकार के तौर पर याद किया जाता है जिनके ऐ मेरे प्यारे वतन, मेरा रंग दे बसंती चोला, ऐ वतन ऐ वतन तुझको मेरी कसम जैसे देशप्रम की भावना से ओत प्रोत गीत आज भी लोगों के दिलों दिमाग मे देश भक्ति के जज्बे को बुलंद करते हैं।

फिल्म काबुली वाला में पाश्र्वगायक माा डे की आवाज में प्रेम धवन का रचित यह गीत ए मेरे प्यारे वतन ऐ मेरे बिछड़े चमन आज भी श्रोताओं की आंखों को नम कर देता है। इन सबके साथ वर्ष 1961 में प्रेम धवन की एक और सुपरहिट फिल्म हम हिंदुस्तानी प्रदर्शित हुई जिसका गीत छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी सुपरहिट हुआ।

वर्ष 1965 में निर्माता-निर्देशक मनोज कुमार के कहने पर प्रेम धवन ने फिल्म शहीद के लिए संगीत निर्देशन किया। यूं तो फिल्म शहीद के सभी गीत सुपरहिट हुए लेकिन ऐ वतन ऐ वतन और मेरा रंग दे बंसती चोला आज भी श्रोताओं के बीच शिद्धत के साथ सुने जाते हैं।

भारत-चीन युद्ध पर बनी चेतन आंनद की वर्ष 1965 में प्रदर्शित फिल्म हकीकत भी देश भक्ति से परिपूर्ण फिल्म थी। मोहम्मद रफी की आवाज में कैफी आजमी का लिखा यह गीत कर चले हम फिदा जानों तन साथियों अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों आज भी श्रोताओं में देशभक्ति के जज्बें को बुलंद करता है। देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्में बनाने में मनोज कुमार का नाम विशेष तौर पर उल्लेखनीय है। शहीद, उपकार, पूरब और पश्चिम, प्रांति, जय हिंदू द प्राइड जैसी फिल्मों में देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत के गीत सुन आज भी श्रोताओं की आंखे नम हो जाती है। जे.पी.दत्ता और अनिल शर्मा ने भी देशभक्ति के जज्बे से परिपूर्ण कई फिल्मों का निर्माण किया है। इसी तरह गीतकारों ने कई फिल्मों में देशभक्ति से परिपूर्ण गीत की रचना की है इनमें जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा वो भारत देश है मेरा, ए वतन ऐ वतन तुझको मेरी कसम, नन्हा मुाा राही हूं देश का सिपाही हूं, है प्रीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहां के गाता हूं, मेरे देश की धरती सोना उगले, दिल दिया है जां भी देगें ऐ वतन तेरे लिए, भारत हमको जान से प्यारा है, ये दुनिया एक दुल्हन के माथे की बिंदिया ये मेरा इंडिया, सरफरोशी की तमाा अब हमारे दिल में है, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, जिंदगी मौत ना बन जाये संभालो यारों, मां तुझे सलाम, थोड़ी सी धूल मेरी धरती की मेरी वतन की आदि।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# सीधा ओटीटी पर आ सकती है विक्की की फिल्म गोविंदा नाम मेरा

विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा लंबे समय से चर्चा में है। यह फिल्म अपने नए अपडेट्स से ज्यादा टलने की खबरों के कारण चर्चा में है। फिल्म पहले 10 जून को रिलीज होने वाली थी लेकिन जुरासिक वर्ल्ड डोमिनियन से टकराव बचाने के लिए इसे टाल दिया गया। इसके बाद से अब तक फिल्म की कोई रिलीज डेट तय नहीं हो पाई है। अब खबर है कि फिल्म थिएटर की बजाय ओटीटी पर रिलीज होगी। गोविंदा नाम मेरा को करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन प्रोड्यूस कर रही है। आने वाले कुछ महीनों में बॉलीवुड के टाइट कैलेंडर को देखते हुए करण इसकी रिलीज डेट को लेकर संशय में हैं।



रिपोर्ट के अनुसार निर्माता फिल्म को सिनेमाघरों की बजाय सीधा ओटीटी पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, इसके ओटीटी प्लेटफॉर्म और रिलीज डेट को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

फिल्म में विक्की कौशल के साथ कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान कर रहे हैं। यह फिल्म लंबे समय से लटकी हुई है। फिल्म की घोषणा मिस्टर लेले नाम से हुई थी। तब यह फिल्म वरुण धवन के साथ बनाने की योजना थी। हालांकि, वरुण इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए। इसके बाद फिल्म की स्क्रिप्ट नए सिरे से तैयार की गई और विक्की कौशल को साइन किया गया।

निर्देशक शशांक खैतान वरुण धवन के साथ फिल्म हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया में काम कर चुके हैं। मिस्टर लेले पर पानी फिर जाने के बाद दर्शकों को फिर से इस जोड़ी के साथ आने का इंतजार है।

भले ही करण को बॉलीवुड कैलेंडर में इस फिल्म के लिए कोई उचित तारीख नहीं मिल रही है, लेकिन आने वाले समय में करण की फिल्में सिनेमाघरों में छाई रहेंगी। 25 अगस्त को फिल्म लाइगर रिलीज होगी। इसके बाद 9 सितंबर को रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र पर्दे पर आएगी। इसके बाद अक्टूबर में मिस्टर ऐंड मिसेज माही और नवंबर में योद्धा रिलीज होने की चर्चा है। फिल्म स्क्रू ढीला और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी भी चर्चा में हैं।

विक्की कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक सैम बहादुर में नजर आएंगे। इस सैम बहादुर में विक्की के साथ अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा नजर आएंगी। चर्चा है कि वह शाहरुख खान की फिल्म डंकी में भी नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल दिसंबर में आएगी।

# बिग बॉस 16 में दिख सकते हैं अभिनेता नकुल मेहता

दिग्गज अभिनेता सलमान खान के शो बिग बॉस 16 को लेकर फैंस की उत्सुकता बढ़ी हुई है। टीआरपी की सूची हमेशा यह शो ऊपर रहा है।

इसका प्रसारण अक्टूबर में टीवी पर शुरू हो सकता है। फिलहाल इस शो में भाग लेने के लिए कई कलाकारों को अप्रोच किया जा रहा है। अब खबर सामने आ रही है कि टीवी अभिनेता नकुल मेहता इस शो में नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस 16 में अभिनेता नकुल की एंट्री हो सकती है। सूत्र ने बताया कि उन्हें इस शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स उन्हें शो में शामिल करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अगर बात बनती है, तो दर्शकों को शो में नकुल का अलहदा अंदाज देखने को मिलेगा। खबरों की मानें तो उन्हें शो के पिछले सीजन के लिए भी संपर्क किया गया था। हालांकि, उन्होंने इसके लिए हामी नहीं भरी थी।

नकुल को बड़े अच्छे लगते हैं 2 में अपने प्रदर्शन के लिए खूब सराहना मिली है। इस शो के लिए उन्हें आईटीए अवॉर्ड्स 2022 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मिला था। रिपोर्ट्स की मानें तो यह शो अगले कुछ ही हफ्तों में बंद हो जाएगा। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 2012 में प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा के साथ की थी। इस अभिनेता को इश्कबाज और दिल बोले ओबेरॉय जैसे टीवी सीरीज में देखा गया है।

बिग बॉस 16 के लिए कई कलाकारों के नाम की चर्चा चल रही है। ऐसी खबरें थीं कि अर्जुन बिजलानी, सनाया ईरानी, शाइनी आहूजा, दिव्यांका त्रिपाठी और कई सेलेब्स को शो के लिए अप्रोच किया गया है।

बिग बॉस का प्रसारण कलर्स चौनल पर होता है। यह शो अमेरिकी टीवी रियलिटी शो बिग ब्रदर के प्रारूप का अनुसरण करता है। बिग बॉस का पहला सीजन 2006 में आया था।

सलमान बिग बॉस 4 से इस शो को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के पहले सीजन के होस्ट अभिनेता अरशद वारसी थे। दूसरा सीजन अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने होस्ट किया था। तीसरे सीजन के होस्ट अमिताभ बच्चन थे।

# इंडियन 2 से कट गया काजल अग्रवाल का पत्ता!

पॉपुलर अभिनेता कमल हासन की हाल ही रिलीज में हुई मूवी विक्रम ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन कर दिखाया है। लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी इस मूवी में कमल हासन के साथ विजय सेतुपति और फहाद फासिल बजी रहे। वहीं, सूर्या ने कैमियो रोल किया था। अब कमल हासन अपनी मूवी इंडियन 2 पर फोकस भी कर रहे है। शंकर के डायरेक्शन में बनने वाली ये मूवी 2020 से आर्थिक कारणों से रुकी हुई थी। साथ में ये खबर आ रही है कि कमल हासन मूवी इंडियन 2 के लिए दीपिका पादुकोण को लेने के इच्छुक हैं।



जिसके पूर्व कमल हासन की मूवी इंडियन 2 का काजल अग्रवाल भाग थीं। हालांकि, कुछ परिस्थितियों की वजह से वह फिल्म से पीछे हट चुकी है। ऐसा लगता है कि काजल अग्रवाल मैटरनिटी लीव के चलते खुद को मूवी से हटा लिया हो। रिपोर्ट के अनुसार, मेकर्स अब दीपिका पादुकोण या कैटरीना कैफ जैसी बड़ी एक्ट्रेसेस को ढूंढ रहे है। हालांकि,मूवी की लीड अभिनेत्री को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मेकर्स कमल हासन के साथ दो बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को साइन कर सकते हैं।

मेकर्स की तरफ से काजल अग्रवाल के बाहर होने की आधिकारिक घोषणा का भी इंतजार है। काजल अग्रवाल का मूवी से बाहर होना ऐसे समय में हुआ है जब उन्होंने मूवी में अपने कैरेक्टर के कुछ हिस्सों की शूटिंग पहले ही कर ली थी।

मूवी इंडियन 2 में कमल हासन के अलावा सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, बॉबी सिम्हा, नेदुमुदी वेणु और समुथिरकानी भी लीड रोल में दिखाई देने वाले है। कमल हासन ने पहले ही कहा था कि डायरेक्टर शंकर द्वारा राम चरण की मूवी आरसी15 की शूटिंग करने के उपरांत वह निश्चित तौर से मूवी इंडियन 2 को फिर से शुरू करने वाले है। गौरतलब है कि फरवरी, 2020 में कमल हासल, काजल अग्रवाल और डायरेक्टर शंकर फिल्म इंडियन 2 के सेट पर क्रेन दुर्घटना से बच गए थे। 19 फरवरी की रात में ईवीपी फिल्म सिटी में सेट को बनाते समय क्रेन गिरने से तीन टेक्नीशियन की मौत हो गई थी और 12 लोग जख्मी हो गए थे।

# आजादी के मायने समझें हम

सिद्धार्थ शंकर

हम भारत की आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहे हैं। इन वर्षों में देश ने कई ऐसे पड़ाव पार किए हैं, जब कभी तो गर्व की अनुभूति हुई, तो कभी हमने शर्मिंदगी महसूस की। खट्टे-मीठे अनुभव लिए आजादी साल दर साल सफर तय कर रही है। बहरहाल, इन 75 वर्षों में नए आयामों को छूते हुए भारत ने एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान कायम की है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन वर्षों की यात्रा में हमारे देश ने बहुत कुछ पाया है। आर्थिक उन्नति से लेकर वैज्ञानिक तरक्की तक के जो आयाम हमने रचे हैं, वे पूरी दुनिया का ध्यान हमारे देश की तरफखींचते हैं। विकास की इतनी तेज रफ्तार से उभरता हुआ भारत कई देशों की आंखों का कांटा बन चुका है। अंतरिक्ष से लेकर जमीन तक, हम कहीं किसी से पीछे नहीं हैं। अब कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां भारतीयों को दोयम समझा जाता हो। मगर फिर भी एक टीस तो बरकरार है ही। हम भारतीय भारतीयता के उस मायने को पीछे छोड़ते जा रहे हैं, जिसमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सौहार्द्र, बंधुत्व की भावना और एकजुटता की कामना की थी। भारत दुनिया के उन देशों में से है, जिसने लंबे समय तक गुलामी की मार सही है। कड़े संघर्ष के बाद गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मिली आजादी के मायने अपने आप में बेहद खास हैं।

15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ था। आज भी इस दिन की खुशी व मायने हर खुशी से बढ़कर है। 15 अगस्त को 32 करोड़ लोगों ने आजादी की सुबह देखी थी। आज 75 वर्षों बाद सवा अरब भारतीय खुशी का इजहार करते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि आजादी के बाद से अब तक देश ने बहुत कुछ पाया है। आर्थिक उन्नति से लेकर वैज्ञानिक तरक्की तक के जो आयाम हमने रचे हैं, अब वे पूरी दुनिया का ध्यान हमारी तरफ खींचते हैं। इस



स्वतंत्रता दिवस पर हमारे सामने बस एक ही प्रश्न होना चाहिए कि क्या हम उसे देखकर संतुष्ट हो जाएं, जो अब तक हमने पाया है या कोई असंतोष का भाव भी हमारे मन में हो, ताकि हम उसे पाने की कोशिश करते रहें, जो हमें मिला नहीं है? भारत एक आध्यात्मिक देश है। यहां आध्यात्मिक ऊंचाइयां छूने पर जोर दिया गया है, जबकि भौतिकता को नकारा गया है। इसीलिए हमारे मनीषियों ने संतोष को 'परमसुख' बताया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम' अर्थात, अगर हमें आध्यात्मिक उन्नति करना है तो शरीर को सशक्त बनाना ही होगा। वैसे तो इस उक्ति का प्रयोग योग के संदर्भ में किया जाता है, लेकिन इसका आयाम सिर्फयहीं तक सीमित नहीं है। इसका विस्तार भौतिक सुखों के अर्जन तक जाता है। अत: अध्यात्म के साथ-साथ हमें भौतिक सुख अर्जन पर भी जोर देना होगा और जब हम इस तथ्य को अपना आधार बना लेते हैं, तो इस निष्कर्ष पर पहुंचने में देर नहीं लगती कि हमारे अंदर भौतिक विकास को लेकर असंतोष होना चाहिए, ताकि हम अप्राप्य को पा सकें।

पिछले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज को ध्यान से सुना जाने लगा है। अंग्रेज हमें साधु-सपेरों का देश कहते थे, पर अब दुनियाभर में भारत की प्रतिभा का लोहा माना जा रहा है। भारत एवं भारतीयों के बारे में दुनिया को अपनी धारणा बदलनी पड़ी है। इसके बाद भी बहुत कुछ ऐसा है, जो हमारे पास होना चाहिए था, पर नहीं है। बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली के मोर्चे पर हमें जूझना पड़ रहा है। अपराधों में इजाफा भी चौंकाने वाला है। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा में बढ़ोतरी भी अब आजादी के मायनों को पीछे छोड़ती जा रही है। इधर, समाज का बड़ा वर्ग अपनी वह संवेदना भी खोता जा रहा है, जो एक समय भारतीयता की सबसे बड़ी पहचान थी। इसीलिए महानगरों से इस तरह की खबरें भी आए दिन की बात हो गई हैं कि घायल सड़क पर तड़पता रहा और उसकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। हमारे कुछ चिकित्सक ऐसे कैसे हो सकते हैं कि वे मरीजों की किडनियां चुराकर बेच दें या उन पर प्रतिबंधित दवाओं का परीक्षण करें, मगर ऐसा होता है? इन सभी अनहोनियों को देखकर जब हमारे मन में असंतोष पैदा होगा, तब ही हम इन्हें बदल पाएंगे। उम्मीद है कि इस बार आजादी के पर्व पर हम देश में व्याप्त सभी बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेंगे।

# जब कटनी के हर घर और हर दुकान में लहराया था तिरंगा

मनोज कुमार श्रीवास्तव

देश के आजाद होने के पहले ही कटनी जिले के नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति अगाध प्रेम, राष्ट्रीयता और देशभक्ति का जज्बा दिखाते हुए, यहाँ के हर घर, हर दुकान और प्रतिष्ठान में तिरंगा फहरा दिया था। इस अद्भुत और ऐतिहासिक दिन का साक्षी बनी थी इतिहास में दर्ज 26 जनवरी 193० की तारीख। इस दिन कटनीवासियों ने संपूर्ण स्वराज के संकल्प का हर्षनाद कर गली-चौराहों में जुलूस निकाला था। आज से करीब 92 साल पहले भी कटनीवासियों ने 26 जनवरी 193० को पूर्ण स्वाधीनता के संकल्प के साथ हर घर, हर दुकान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। इस दौरान जुलूस निकाला गया था और जुलूस में शामिल हर देश भक्त के हाथ में आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा लहरा रहा था। इसी जोश और जज्बे के साथ एक बार फिर कटनीवासी हर घर तिरंगा अभियान में हर घर, हर संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर आजादी के पुरोधाओं का पुण्य-स्मरण कर उनकी शहादत को नमन करेंगे। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थानों सहित निजी प्रतिष्ठानों व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने भी आजादी के 75वें वर्ष के इस अनूठे अभियान में सहभागी बनकर हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनने का संकल्प लिया है। कटनी की पवित्र धरा ने देशभक्ति की अलख जगाने वाले कई सूरमाओं और आजादी के दीवानों को पैदा किया है, जिन्होंने देश को आजाद करने में अपने प्राणों की आहूति दे दी।

देश के स्वातंतत्र्य समर में सहभागी बने हर सेनानी ने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। किसी के भी योगदान को कम या अधिक के पैमाने में आंका नहीं जा सकता। इनमें से कई अमर सेनानी और क्रांतिकारी गुमनाम हैं। कटनी, सिहोरा, सिलौड़ी, उमरियापान, विजयराघवगढ़ आदि स्थानों पर तिरंगा फहरा कर और जुलूस निकाल कर आजादी के दीवानों ने पूर्ण स्वाधीनता का संकल्प लिया था। उस दिन कटनी तहसील (मुड़वारा) की जनता में अपूर्व उत्साह था, शहर में विशाल जुलूस निकाला गया, हर व्यक्ति के हाथ में तिरंगा था। बच्चों और महिलाओं ने इस विशाल जुलूस को घरों की छत से देखा। भारत माता के जयकारे और वंदे-मातरम के गगन भेदी उद्घोष से पूरा शहर गूँज उठा था। जुलूस की समाप्ति पर शहर के जवाहर चौक में एक आम सभा हुई थी, जिसमें बड़ी ही ओजस्वी वाणी में स्वाधीनता का घोषणा-पत्र पढ़ कर जन-समूह को सुनाया गया था। साथ ही जनता को स्वाधीनता का संकल्प भी दिलाया गया था।

आजादी के प्रति कटनी की जनता को जागरूक और प्रेरित करने में बाबू हनुमंत राव, श्री राधेश्याम, पं. गोविंद प्रसाद खम्परिया, नारायण दत्त शर्मा, ईश्वरी प्रसाद खंपरिया, अमरनाथ पांडे, पूरनचंद्र शर्मा, भैया सिंह ठाकुर, पं. नारायण प्रसाद तिवारी और खुशालचंद्र बिलैया की महती भूमिका रही थी। अंग्रेज सरकार की दमनकारी नीतियों की वजह से कटनी के कई सेनानी शहीद होने और अंग्रेजों की प्रताड़ना झेलने के बाद भी गुमनाम रह गये। लेकिन कटनीवासियों ने अपने गुमनाम शहीदों की स्मृतियों को न केवल अक्षुण्ण रखा है, बल्कि उनके चरणों में श्रद्धा-सुमन भी अर्पित किये और उनकी शहादत को सदैव याद किया।

# एसएसपी ने किये 14 दरोगाओं के स्थान्तरण

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी ने 14 दरोगाओं के स्थान्तरण कर उनको तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दे दिये हैं।

आज यहां एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने पुलिस लाईन में तैनात 14 दरोगाओं के स्थान्तरण कर दिये जिसम रविन्द्र कुमार को एसआईएस शाखा पुलिस कार्यालय, भरत सिंह रावत को कोतवाली नगर, कैलाश चन्द्र को कोतवाली पटेलनग, विजय प्रताप राही को कोतवाली नगर, मोहन सिंह नेगी को कोतवाली नगर, मनोहर लाल को कोतवाली पटेलनगर, साहिल वशिष्ट को कोतवाली डालनवाला, चन्द्र शेखर को चौकी प्रभारी बिधौली, बलवीर को कोतवाली पटेलनगर, राजनारायण व्यास को कोतवाली विकासनगर, जसपाल सिंह को कोतवाली डालनवाला, दीपक भण्डारी को थाना राजपुर, सुमित चौधरी को कोतवाली डोईवाला महिला दरोगा भावना को कोतवाली मंसूरी भेजा गया है। सभी को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये हैं।

# मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार काले की ढाल निवासी अमन सैनी ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से यामहा के शौरूम में आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल शौरूम के बाहर खडी कर दी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी।

# दुकानदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता

देहरादून। दुकानदार ने अपनी दुकान के पीछे पेड पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकानी के अनुसार आज थाना रायपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम शेरकी मालदेवता थाना रायपुर में एक व्यक्ति विक्रम सिंह नेगी पुत्र बचन सिंह नेगी निवासी ग्राम शेयर की थाना रायपुर जनपद देहरादून द्वारा अपनी दुकान के पीछे पेड़ से फांसी लगा ली गई है। इस सूचना पर चौकी इंचार्ज मालदेवता चीता फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तब तक विक्रम सिंह नेगी उपरोक्त को परिजन तथा ग्रामीण रायपुर सरकारी अस्पताल ले जा चुके थे अस्पताल में विक्रम सिंह नेगी को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को कोरोनेशन भिजवाया गया जहां पंचायतनामा कार्रवाई की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता किया जा रहा है।

# संयुक्त नागरिक संगठन ने किया ध्वजारोहण

संवाददाता

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन ने ध्वजारोहण कर आजादी के शहीदों को याद कर उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण समिति उत्तराखंड की ओर से आयोजित समारोह में क्रान्तिकारी शहीदो के बलिदान को याद करते उनके दिखाये मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मास्टर करतार सिंह को इनकी 22वी पुण्यतिथी पर श्रद्धांजलि दी गई। भारत तिब्बत मैत्री संस्था,शहीद उधमसिहं कम्बोज सभा, क्षत्रिय चेतना मंच, पैरेनटस एशोसियेशन, उत्तराखंड आन्दोलनकारी मंच, संयुक्त नागरिक संगठन, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, सहित दर्जनो सामाजिक संस्थाओ के प्रतिनिधियो ने आजादी के योद्धाओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर देश मे सांप्रदायिक सद्भाव, एकजुटता और भाईचारे को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान संयुक्त नागरिक संगठन के सचिव सुशील त्यागी तथा मधु त्यागी को भी अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं में विधायक खजान दास,रामलाल खण्डूरी,हाजी सलीम,मुनि राम सकलानी,उत्तरापंत,जीएस जस्सल, मनोज ध्यानी, जितेन्द्र,डंडोना,ताराचन्द गुप्ता,प्रदीप कुकरेती, जगमोहन सिंह , जसवीर सिंह, रेनोत्रा,आरिफ खान, डॉक्टर मुकुल शर्मा, शेरिंग लैडिंग,सुरेन्द्र सिंह कंबोज, श्याम सिंह यादव,मधु त्यागी,उपेन्द्र बिजल्वाण,मुकेश नारायण शर्मा,मनोज पंत,एसपी एस पवार,आशा टम्टा,आशा नौटियाल,अरुणा थपलियाल कुसुम ध स्मानाआदि थे।

समारोह में जनरैलसिंह,रविन्द्र कश्यप,अवधेश पन्त,एस पी चौहान, संजय उनियाल, निर्मला गोदियाल, बबीता असवाल, श्रीमती नेगी, संजय उनियाल, शैलेश सकलानी,त्रीमूर्ति नेगी,प्रीति त्यागी, निखिल शर्मा, विकास त्यागी, प्रकाश नागिया, चंदन सिंह नेगी आदि शामिल थे। राष्ट्रीय गान के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

# नहर में मिला अज्ञात महिला का शव

संवाददाता

देहरादून। शक्ति नहर में अज्ञात महिला का शव तेरता मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज थाना हाजा पर 112 कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई ढालीपुर शक्ति नहर में एक महिला बह रही है। सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया तो उक्त महिला को जनता के व्यक्तियों एवं पुलिस की मदद से शक्तिनगर से बाहर निकालकर 108 मोबाइल के माध्यम से सरकारी हॉस्पिटल विकासनगर भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा महिला को मृत घोषित किया गया महिला के शव को शिनाख्त हेतु मोर्चरी विकासनगर रखवाया गया महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे है महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष है। मृतका के दाहिने ने हाथ की बीच की अंगुली कटी हुई है।

# राज्य के 13 जनपदों के 13 हजार प्राथमिक स्कूलों में चलेगा हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में डैटोल स्कूल हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम उत्तराखण्ड का शुभारंभ किया। डैटोल स्कूल हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों के 13 हजार प्राथमिक स्कूलों में चलाया जायेगा। इसके लिए शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं डायरेक्टर एक्सटर्नल अफेयर्स एवं पार्टनरशिप, एसओए, रेकिट रवि भटनागर के मध्य एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डैटोल स्कूल हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम से बच्चों में स्वच्छता के प्रति एवं दैनिक व्यवहार में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों में व्यक्तिगत, स्कूलों, घरों एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जन्म से 06 वर्ष की आयु तक बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास सबसे तेज होता है। जीवन के शुरूआती चरण में बच्चों को जो अनुशासन मिलता है, उसी का अनुसरण कर बच्चे आगे बढ़ते हैं। आने वाले 25 साल देश का अमृतकाल के होंगे, आज के ये बच्चे 25 साल बाद देश के कर्णधार होंगे। इनको सही दिशा देना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिये राज्य में 4457 को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केन्द्रों में बाल वाटिकायें प्रारम्भ हो चुकी हैं। 'प्रवेशोत्सव', 'आरोही', 'कौशलम', 'आनन्दम', 'विद्या सेतु' जैसे नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय स्टूडियो तथा राज्य के समस्त 13 जनपदों के 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाओं की स्थापना की जा चुकी है। उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति व इंडियन नॉलेज सिस्टम से परिचित कराने के उद्देश्य से वैदिक विज्ञान, वैदिक गणित व भगवत गीता से प्रबन्धन परिचय जैसे विषयों को सह-पाठ्यक्रम के रूप में लागू किया गया है। उच्च शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टार्ट-अप पॉलिसी लागू की गयी है।

इस अवसर पर सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, डायरेक्टर एक्सटर्नल अफेयर्स एवं पार्टनरशिप, एसओए, रेकिट रवि भटनागर, एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर प्लान इण्डिया मोहम्मद आशिफ उपस्थित थे।



मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में भूपाल सिंह मनराल को उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग के आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन एवं सचिव शैलेश बगोली भी उपस्थित थे।

# जलशक्ति मंत्री शेखावत ने किया 'जलज योजना' का शुभारम्भ



नगर संवाददाता

उत्तरकाशी। देश की राजधानी दिल्ली में आज जलशक्ति मंत्रालय नमामि गंगे द्वारा 'यमुना पर आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत देशभर में 'जलज योजना' शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। देशभर में जलज योजना के तहत गँगा के बहाव वाले पांच राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा 75 जलज केंद्र बनाए गए हैं। जिसके तहत आज 26 जलज केंद्रों का उद्घाटन किया गया जिनमे उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में जलज केंद्र के तहत आली जैविक उत्पाद बिक्री केंद्र का ऑनलाइन विधिवत उद्घाटन केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया।

उत्तरकाशी में जलज केंद्र के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऑनलाइन जुड़कर उत्तरकाशी की जलज केंद्र की मुखिया रीना राणा से जलज के अनुभव के बारे में पूछा व प्रगति के बारे में जानकारी ली। रीना राणा ने केंद्रीय मंत्री को अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें उम्मीद के अनुसार परिणाम मिल रहे हैं। आज के कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर बी डी ओ डुंडा अमित ममगाई, गँगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट व भारतीय वन्य जीव संस्थान से आये प्रसांत तड़ियाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

गौरतलब है कि जलज बिक्री केन्द्र का मातली गांव में संचालन हो रहा है।। यह गांव गंगा के मायके के रूप मे भी जाना जाता है, आली का अर्थ सहेली होता है। जलज का यह नाम यहाँ के लोगो का गंगा के प्रति आत्मीय जुड़ाव व प्रेम भाव दर्शाता है। जलज आली की महिला गंगा प्रहरी स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर उत्पाद बना रही है और आजीविका के नए वैकल्पिक श्रोतो का निर्माण कर रही हैं। साथ ही अविरल गंगा व जलीय जैव विविधता संरक्षण पर जन जागरूकता के विभिन माध्यमों से जलीय जीवो के संरक्षण मे अपना अहम योगदान दे रही हैं। जलज आली बहुआयामी एवम आत्म निर्भर इकाई है जोकि पारंपरिक ऊर्जा के श्रोतों जैसे घराट, का उपयोग कर पारम्परिक खान पान, मंडुवा झंगोरा व चौलाई से बने उत्पादों को बल देता है।

जलज आली समाज के विभिन वर्गों को अपने साथ जोड़ता है तथा महिलाओं की भागीदारी को भी सुनिश्चित करता है। आज के कार्यक्रम में उत्तराखंड से ऑनलाइन हिस्सा लेने वालों में विभिन्न संस्थाओं से राधिका चौहान, दीपक जोशी ,महेश शाह, रोशनी रमोला ,शारदा नौटियाल, पुष्पा, सुमित्रा ,,रेशमा परमार,, रीना,.इंदु, मनीषा, पुष्पा बुटोला, बबीता जोशी,रीना, रजनी संतोषी, दीपिका रमोला, रीता, रुचिता रमोला, रोशनी परमार,जन्म चंद रमोला ,, सुरेंद्र रमोला अरविंद चौहान, सावित्री, एकता, सावित्री राणा, जड़ी संस्था से द्वारिका सेमवाल , नेहरू युवा केन्द्र से उत्तम पवार, ग्राम प्रधान बबीता जोशी, बीजेपी के जिला मंत्री प्रताप राणा व फील्ड सहायक राधिका चौहान उपस्थित रहे।

# बिधैली में फायर करके फरार हुए 12 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। बिधौली में प्रधान पति पर फायर कर भागे 12 हमलावरों को पुलिस ने दो स्कार्पियों कारों सहित गिरफ्तार कर लिया है। सभी को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 अगस्त की रात्रि धीरज सिंह पुत्र स्वर्गीय बेदी राम निवासी ग्राम बिधौली द्वारा बताया गया कि कि उनके गांव में अनिल शर्मा उर्फ मोनू द्वारा 15-20 गाड़ियां लेकर आए तथा उसके और राजू के साथ मार पिटाई करने लगे मार पिटाई के बाद उसके द्वारा भागने की कोशिश की गई तो उसके ऊपर जानलेवा हमला करने की नियत से फायर किया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एसएसपी द्वारा घटना में प्रयुक्त सभी गाड़ी व गाड़ियों में सवार लोगों को जल्द से जल्द पकड़ने के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष प्रेमनगर द्वारा थाना बिधोली से जाने वाले सभी रास्तों पर चेकिंग हेतु टीमें नियुक्त की गई। गठित टीम द्वारा झाझरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुद्धोवाला चौक से बीएफआईटी कालेज की तरफ जाने वाली सड़क में एक काले रंग की स्कार्पियो से कुल 8 लोग तथा नंदा की चौकी पर काले स्कॉर्पियो से कुल 4 लोगों को संदिग्ध लगने पर पूछताछ हेतु चौकी झाझरा पर लाया गया। उक्त पकड़े गए लोगों की पहचान धीरज द्वारा घटना कारित करने वाले लोगों के रूप में की गई शिनाख्त होने पर सभी लोगो को उनके जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अनिल शर्मा पुत्र ईश्वर सिह शर्मा निवासी शालीमार बाग दिल्ली हाल रिवर साइड सोसाइटी फुलसैनी, सोमवीर पुत्र सतीश निवासी ग्राम कला नांगल कला थाना कुडली सोनीपत हरियाणा, विकास कुमार पुत्र धर्मवीर कौशिक निवासी जिला सोनीपत हरियाणा, आनन्द पुत्र रधुवीर सिह निवासी आर्दशनगर सोनीपत जिला सोनीपत हरियाणा, विजय शकंर वत्स पुत्र ओमप्रकाश निवासी आर्दश नगर थाना सदर जिला सोनीपत हरियाणा, सुमीत पुत्र नरेश कुमार निवासी मोहल्ला शिव कालोनी थाना सदर सोनीपत हरियाणा, दिनेश शर्मा पुत्र रामकरण शर्मा निवासी थाना सिविल लाइन जिला करनाल हरियाणा, शेखर डागर पुत्र जयवीर सिह डागर निवासी गोविन्द मोहल्ला थाना शालीमार दिल्ली, सन्दीप पुत्र जिले सिह निवासी ग्राम व थाना समालखा जिला पानीपत हरियाणा, सतपाल पुत्र सुरजे सिह निवासी ग्राम खेबडा थाना बालगढ जिला सोनीपत हरियाणा, नवीन पुत्र राजवीर सिह निवासी सभालखा जिला पानीपत हरियाणा, अमित पुत्र सतपाल निवासी ग्राम देहरा जिला पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने सभी को न्यायालय मे पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।


कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें


## एक नजर

# पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के मौके पर आज पीएम नरेंद्र मोदी ने 'सदैव अटल' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत कई बड़े नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा ने ट्वीट करके कहा कि पार्टी के पितृ पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक प्रेरणा स्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि मैं अपने गुरु, प्रतिष्ठित नेता, कवि, दार्शनिक, मंत्रमुग्ध करने वाले वक्ता, अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटलबिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उनको नमन करता हूं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि युग-पुरुष भारत रत्न से विभूषित पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण आदरांजलि।



# भारत से 12 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान आपात स्थिति में कराची हवाई अड्डे पर उतरा

कराची। भारत से 12 यात्रियों को लेकर जा रहा चार्टर विमान सोमवार को पाकिस्तान के कराची शहर स्थित जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। मीडिया में इस संबंध में खबरें आयी हैं। जिओ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला यह विमान दोपहर 12:10 बजे (स्थानीय समय) कराची हवाई अड्डे पर उतरा। नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उक्त अंतरराष्ट्रीय चार्टर विमान ने भारत से उड़ान भरी थी और इसके अलावा अन्य किसी देश से उसका कोई संबंध नहीं है। कराची में उतरने के कुछ ही देर बाद विशेष विमान सभी 12 यात्रियों को लेकर फिर से रवाना हो गया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि आखिर विमान किन कारणों से कराची हवाई अड्डे पर उतरा था।



# विभाजन के समय बहुत से लोगों ने तिरंगे की शान एवं मातृभूमि से प्यार के कारण काफी कुछ खोयाः पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी के समय हुए विभाजन की त्रासदी का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि उस समय भारी संख्या में लोगों ने तिरंगे की शान एवं मातृभूमि से प्यार के कारण काफी कुछ खोया तथा नयी जिंदगी की शुरुआत करने का उनका संकल्प नमन करने योग्य है। लाल किले की प्राचीर से 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधि त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कल 14 अगस्त को हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस बड़े भारी मन से मनाया। देश की आजादी के समय हुए विभाजन की त्रासदी के संदर्भ में उन्होंने कहा, तब कोटि-कोटि जनों ने तिरंगे की शान और मातृभूमि की मिट्टी से प्यार के कारण बहुत कुछ सहन किया था, लेकिन धैर्य नहीं खोया। उन्होंने कहा, नई जिंदगी की शुरुआत करने का उनका संकल्प नमन करने योग्य है। आज का यह दिवस ऐतिहासिक है। ज्ञात हो कि वर्ष 1947 में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन द्वारा भारत के विभाजन के बाद एक अलग देश के रूप में पाकिस्तान बनाया गया था। इस दौरान लाखों लोग विस्थापित हुए थे और उनके बाद हुई सांप्रदायिक हिंसा में काफी संख्या में लोगों की जान चली गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल घोषणा की थी कि लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।



# अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में आयोग ने प्रथम प्रतिवेदन मुख्यमंत्री धामी को सौंपा



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण हेतु एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ब्रह्म सिंह वर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोग का प्रथम प्रतिवेदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के प्रथम प्रतिवेदन की संस्तुति जनपद हरिद्वार के परिप्रेक्ष्य में अंतरिम संस्तुति है, जो अंतिम प्रतिवेदन के अधीन होगी।

आयोग के अंतरिम प्रतिवेदन में जनपद हरिद्वार में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षित कुल 171 (54.13 प्रतिशत) प्रधान पदों के सापेक्ष एकल समर्पित आयोग द्वारा कुल 69 (22.03 प्रतिशत) पदों की संस्तुति की है।

जनपद हरिद्वार में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षित कुल 3 (54.13 प्रतिशत) प्रमुख पदों के सापेक्ष एकल समर्पित आयोग द्वारा कुल 1 (16.66 प्रतिशत) पद की संस्तुति की है।

ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया राज्य के अन्य 12 जनपदों में पूर्ण न होने के कारण जनपद हरिद्वार में अध्यक्ष जिला पंचायत पद के आरक्षण के सम्बन्ध में आयोग द्वारा कोई संस्तुति नहीं की गई है। जनपद हरिद्वार में अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 362 ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड) आरक्षित किये गये हैं। कतिपय ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक होने के कारण एकल समर्पित आयोग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुल 281 सदस्य (वार्ड) आरक्षित किये जाने की संस्तुति की है, जो कि 14 प्रतिशत से अधिक नहीं है तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का समग्र आरक्षण अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा के अन्तर्गत है।

जनपद हरिद्वार में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षित कुल 27 क्षेत्र पंचायत सदस्य (वार्ड) के सापेक्ष एकल समर्पित आयोग द्वारा कुल 27 सदस्य ( वार्ड) आरक्षित किये जाने की संस्तुति की है, जो कि 14 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

जनपद हरिद्वार में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षित कुल 6 जिला पंचायत सदस्य (वार्ड) के सापेक्ष एकल समर्पित आयोग द्वारा कुल 6 सदस्य ( वार्ड) आरक्षित किये जाने की संस्तुति की है, जो कि 14 प्रतिशत से अधिक नहीं है। इस अवसर पर पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज, सचिव पंचायतीराज नितेश झा, निदेशक पंचायतीराज बंशीधर तिवारी, अपर सचिव ओंकार सिंह उपस्थित थे।

# महिला पर्यटक का नहाते हुए बनाया होटलकर्मी ने वीडियो, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में महिला पर्यटक का नहाते हुए वीडियो बनाए जाने पर हंगामा शुरू हो गया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी होटल कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, बीते दिनों दिल्ली से एक परिवार नैनीताल घूमने आया हुआ था। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र कें एक होटल में कमरा बुक कराया। बताया जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस की देर शाम महिला पर्यटक वॉशरूम में नहाने गई। इस दौरान होटल के ही एक कर्मचारी ने दरवाजे के ठीक ऊपर बने वेंटिलेटर से महिला का वीडियो शूट करना शुरू कर दिया। महिला की शिकायत के अनुसार काफी देर तक महिला को इस बात का पता नहीं चला, लेकिन जब उसकी नजर मोबाइल पर पड़ी तो वह घबरा गई। महिला पर्यटक के शोर-शराबा करने पर होटल के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे हालांकि इस दौरान संबंधित होटलकर्मी मौके से फरार हो गया। पर्यटकों ने मामले की शिकायत मल्लीताल कोतवाली में की।

पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में शिकायती पत्र के आधार पर लमगड़ा, अल्मोड़ा निवासी राहुल कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि पूछताछ में यह भी तथ्य सामने आया है, कि संबंधित होटल कर्मी मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

# यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाला मामले में जेल गये शिक्षक का निलम्बन

हमारे संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाला मामले में जेल गये शिक्षक को शिक्षा विभाग द्वारा निलम्बित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा निलम्बन की इस कार्यवाही के आदेश बीते रोज जारी कर दिये गये थे। राज्य में इन दिनों यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले में आरोपियों की धरपकड़ जारी है। मामले के मास्टर मांइड नकल माफिया जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह सहित 18 लोग अब तक गिरफ्तार किये जा चुके है। जिसमें राजकीय इंटर कालेज नेटवाड़ मोरी उत्तरकाशी में तैनात व्यायाम शिक्षक तनुज शर्मा भी शामिल है। जिसे शिक्षा विभाग द्वारा देर शाम निलम्बित कर दिया गया है। जारी किये गये आदेश के अनुसार मंडलीय अपर निदेशक महावीर बिष्ट ने आदेश जारी करते हुए राजकीय इंटर कॉलेज नेटवाड़ मोरी उत्तरकाशी में व्यायाम शिक्षक तनुज शर्मा को निलंबित कर दिया है।

# मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

संवाददाता

देहरादून। मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस पार्षद पति अनूप डोभाल द्वारा रायपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई कि ग्राम नथुआवाला डांग में एक व्यक्ति ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर घटनास्थल पर आए परिजनों से मालूमात किया गया तो पता चला कि सुभाष भट्ट पुत्र दिनेश भट्ट निवासी नथुआवाला डांग थाना रायपुर देहरादून द्वारा अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जोकि डिप्रेशन से पीड़ित था तथा शराब आदि का सेवन करता था कल रात्रि को नौ बजे के बाद अपने कमरे में चले गया। सुबह जब कमरे का कुंडा अंदर से बंद था खिड़की से देखने पर ज्ञात हुआ कि इस व्यक्ति द्वारा आत्महत्या कर ली गई है। मौके पर पुलिस द्वारा कमरे का दरवाजा तोड़कर फोटो वीडियोग्राफी की गई। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*